## शहरवासियों ने एग्जीबिशन को सराहा

फैशन पिटारा का आयोजन उदिती तुलस्यान व निकिता ने संयुक्त रूप से किया था। उन्होंने बताया कि दूसरे दिन महिलाओं की अच्छी भीड़ रही। देर शाम तक महिलाओं का आना-जाना लगा रहा। यहां हर प्रकार के नए-नए डिजाइन वाले उत्पाद एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराए गए थे। एक्जिबेशन में वेस्टर्न वेयर, रियल ज्वेलरी, डिजायनर साड़ी, सूट और साज-सज्जा की एक से बढ़कर एक सामग्री उपलब्ध कराए गए थे। शहरवासियों ने एग्जीबिशन को खूब सराहा।

# तुरंत मिले इलाज तो चल पड़ता है दिल

**डीबी स्टार » रांची**

कई बार शरीर में अचानक हुई कांप्लीकेशन के कारण हृदय काम करना बंद कर देता है। यदि उसे तुरंत ट्रीटमेंट मिल जाए तो मरीज जी उठता है, नहीं तो सांसें हमेशा के लिए बंद ही रह जाती हैं। ऐसे केसेज में ट्रीटमेंट तुरंत शुरू करना जरूरी होता है। ये जानकारी क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ. विजय मिश्रा ने शुक्रवार को मेडिका हॉस्पिटल में आयोजित वर्कशॉप में दी। तीन दिवसीय एडवांस्ड कार्डियक लाइफ सपोर्ट विषयक वर्कशॉप में उन्होंने बताया ब्रेन स्ट्रोक, अचानक सांस रुकना, एक्सीडेंट, हृदयाघात आदि किसी भी केस में ऐसा हो सकता है। तुरंत प्रशिक्षित हाथों द्वारा उपचार प्रारंभ कर मरीज का जीवन रक्षण संभव हैं। इसमें कार्डियक मसाज देना, ब्रीदिंग रेस्पिरेशन, शॉक देना आदि की विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में कोलकाता के डॉ. सुदेशना बरुआ समेत कई अन्य विशेषज्ञों ने भी जानकारी दी। वर्कशॉप में शहर के 38 हृदय रोग विशेषज्ञ, सामान्य चिकित्सक व सीनियर नर्स भाग ले रही हैं। तीन दिवसीय इस वर्कशॉप में टीम वर्क वाले ट्रीटमेंट की पूरी जानकारी दी जाएगी।